महोबा पुलिस

दिनांक- 06.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 992/26

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

- आज दिनांक 06.11.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।
- जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।
- पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।
- साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

महोबा पुलिस- समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ



दिनांक- 06.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 993/26

महोबा पुलिस

यातायात जागरूकता माह नवम्बर-2026 के अंतर्गत महोबा यातायात पुलिस द्वारा बैटरी रिक्शा की सघन चेकिंग कर नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के विरुद्ध की गई चालानी कार्यवाही, चालकों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक।

"सुरक्षित सफर, सुरक्षित जीवन—यातायात नियमों का पालन, सभी का दायित्व।"

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद में यातायात व्यवस्था को सुचारु एवं सुरक्षित बनाए रखने तथा सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से यातायात जागरूकता माह नवम्बर-2026 के अंतर्गत निरंतर जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज दिनांक 06.11.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी यातायात/नगर श्री रविकांत गोंड के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी यातायात श्री सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा जनपद के प्रमुख मार्गों एवं विभिन्न स्थानों पर बैटरी रिक्शा वाहनों की सघन चेकिंग की गई।

बैटरी रिक्शा की सघन चेकिंग कर की गई चालानी कार्यवाही-

- चेकिंग अभियान के दौरान बैटरी रिक्शा के आवश्यक अभिलेखों, निर्धारित मानकों एवं यातायात नियमों के अनुपालन की जांच की गई। इस दौरान विभिन्न कमियां एवं यातायात नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम (एमवी एक्ट) की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत नियमानुसार चालानी कार्यवाही की गई।

वाहन चालकों को किया गया जागरूक-

- चेकिंग के दौरान यातायात पुलिस द्वारा बैटरी रिक्शा चालकों को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। चालकों को निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी न बैठाने, वाहन को निर्धारित मार्ग एवं उचित स्थान पर संचालित करने, सड़क पर अनावश्यक रूप से वाहन खड़ा न करने, यातायात व्यवस्था बाधित न करने तथा वाहन के आवश्यक अभिलेख अपने साथ रखने के लिए प्रेरित किया गया।
- साथ ही चालकों को बताया गया कि यातायात नियमों का पालन करना केवल चालानी कार्यवाही से बचने के लिए ही नहीं, बल्कि स्वयं एवं यात्रियों की सुरक्षा तथा सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों के जीवन की रक्षा के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।

यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु अभियान जारी-



- महोबा पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता माह नवम्बर-2026 के अंतर्गत जनपद में विभिन्न प्रकार के वाहनों की चेकिंग एवं आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने का अभियान निरंतर जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार प्रवर्तन कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।
- महोबा पुलिस की अपील: वाहन चलाते समय यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। अपने वाहन के आवश्यक अभिलेख पूर्ण रखें तथा निर्धारित यातायात नियमों के अनुरूप ही वाहन संचालित करें। स्वयं सुरक्षित रहें एवं दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें।

महोबा पुलिस—सड़क सुरक्षा, जनसुरक्षा एवं सुचारु यातायात व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध।

दिनांक- 06.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 994/26

महोबा पुलिस

सर्किल कुलपहाड़ थाना अजनर

थाना अजनर पुलिस टीम ने 01 किलो 244 ग्राम अवैध गांजा के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री एवं तस्करी पर अंकुश लगाने तथा संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अनुरुद्ध कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में थाना अजनर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

प्रभारी निरीक्षक श्री विनोद कुमार द्वारा गठित पुलिस टीम के व0उ0नि0 राधेश्याम सिंह, का0 अजीत कुमार यादव, का0 शिवम यादव एवं का0 भरत सिंह द्वारा मुखबिर की सूचना पर बस स्टैण्ड अजनर पर स्थित मंदिर के पहले बनी गुमटी के पास से अभियुक्त हरिश्चन्द्र शिवहरे पुत्र सीताराम शिवहरे उम्र करीब 42 वर्ष निवासी ग्राम अजनर थाना अजनर जनपद महोबा को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 किलो 244 ग्राम सूखा गांजा नाजायज बरामद किया गया। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना अजनर पर मु0अ0सं0 211/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. हरिश्चन्द्र शिवहरे पुत्र सीताराम शिवहरे उम्र करीब 42 वर्ष निवासी ग्राम अजनर थाना अजनर जनपद महोबा।

गिरफ्तारी का स्थान-

बस स्टैण्ड अजनर पर स्थित मंदिर के पहले बनी गुमटी, बहद ग्राम अजनर थाना अजनर जनपद महोबा।

बरामदगी विवरण-

- 01 किलो 244 ग्राम सूखा गांजा नाजायज।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. व0उ0नि0 राधेश्याम सिंह
2. का0 अजीत कुमार यादव
3. का0 शिवम यादव
4. का0 भरत सिंह



दिनांक- 06.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 995/26

महोबा पुलिस

सर्किल नगर थाना कोतवाली नगर

थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा

पॉक्सो एक्ट के मामले में 01 वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित तथा वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 525/2026, धारा 74/351(3) बीएनएस एवं धारा 7/8 पॉक्सो एक्ट से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

उपनिरीक्षक हर्षित मिश्रा मय हमराह हेड कांस्टेबल मनीष कुमार द्वारा अभियुक्त संजू नामदेव पुत्र कल्लू नामदेव, उम्र करीब 40 वर्ष, निवासी मोहल्ला छिपियानापुरा, चकोटा देवी मंदिर के पास, थाना कोतवाली नगर, जनपद महोबा को आज दिनांक 05.11.2026 को कीरत सागर गेट नंबर-01 के पास स्थित बारातशाला से गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता:

संजू नामदेव पुत्र कल्लू नामदेव, उम्र करीब 40 वर्ष, निवासी मोहल्ला छिपियानापुरा, चकोटा देवी मंदिर के पास, थाना कोतवाली नगर, जनपद महोबा।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:

1. उ0नि0 हर्षित मिश्रा
2. हे0का0 मनीष कुमार



दिनांक- 06.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 996/26

महोबा पुलिस


धनतेरस पर्व पर महोबा पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा प्रबंध, बाजारों में पुलिस की बढ़ाई गई सक्रियता एवं निरंतर गश्त

धनतेरस पर्व के अवसर पर सोने-चाँदी, बर्तन एवं अन्य घरेलू सामान की खरीदारी हेतु बाजारों एवं सर्राफा बाजारों में उमड़ने वाली भारी भीड़ के दृष्टिगत जनपद महोबा में कानून-व्यवस्था एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं।

पुलिस उपमहानिरीक्षक, चित्रकूटधाम परिक्षेत्र, बाँदा श्री राजेश एस. द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद के प्रमुख बाजारों एवं सर्राफा बाजारों में विशेष पुलिस व्यवस्था लागू की गई है।

- महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सर्राफा बाजारों में महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो बाजारों में आने-जाने वाली महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए निरंतर निगरानी रख रहे हैं। खरीदारी के लिए आने वाली महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार की अभद्रता अथवा अन्य अप्रिय घटना की रोकथाम हेतु पुलिसकर्मियों को विशेष सतर्कता बरतने एवं तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।
- बाजारों में अत्यधिक भीड़ का लाभ उठाकर चोरी, जेबकतरी एवं चेन स्नैचिंग जैसी घटनाओं को अंजाम देने वाले आपराधिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस की सक्रियता बढ़ाई गई है तथा संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जा रही है।
- सर्राफा बाजारों, प्रमुख बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस की निरंतर भ्रमणशीलता सुनिश्चित करते हुए पैदल गश्त बढ़ाई गई है, जिससे आमजन में सुरक्षा का भाव बना रहे तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराई जा सके।
- समस्त क्षेत्राधिकारी अपने-अपने सर्किल क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील रहकर बाजारों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं तथा संबंधित थाना प्रभारियों एवं पुलिस बल के साथ समन्वय स्थापित कर सुरक्षा प्रबंधों को प्रभावी बनाए हुए हैं। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निर्धारित सुरक्षा व्यवस्था के अनुरूप पुलिस बल को पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए हैं।
- महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा एवं सुविधा के प्रति प्रतिबद्ध है। सभी जनपदवासियों से अपील है कि धनतेरस पर्व पर खरीदारी के दौरान अपने सामान एवं कीमती वस्तुओं के प्रति सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा व्यक्ति की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।





महोबा पुलिस

दिनांक- 06.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 997/26

पुलिस लाइन महोबा में जीर्णोद्धार के उपरांत आदेश कक्ष का हुआ लोकार्पण, पुलिस लाइन की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में महोबा पुलिस की एक और पहल।

- आज दिनांक 06.11.2026 को धनतेरस पर्व के शुभ अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस लाइन महोबा में स्थित आदेश कक्ष का जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण होने के उपरांत फीता काटकर विधिवत लोकार्पण किया गया।
- इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन श्री रविकांत गोंड, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन श्री रविंद्र मलिक सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।
- उल्लेखनीय है कि पुलिस लाइन स्थित इस आदेश कक्ष का शिलान्यास दिनांक 19.01.1996 को तत्कालीन महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश श्री मोतीलाल वोरा के कर-कमलों द्वारा किया गया था।
- समय के साथ भवन की आवश्यकताओं एवं उपयोगिता को दृष्टिगत रखते हुए इसका जीर्णोद्धार कराया गया है।
- इस पहल का उद्देश्य पुलिस लाइन की आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के साथ-साथ पुलिसकर्मियों के लिए बेहतर एवं सुव्यवस्थित कार्य वातावरण उपलब्ध कराना है।
- महोबा पुलिस द्वारा पुलिस लाइन की व्यवस्थाओं के निरंतर सुदृढ़ीकरण एवं पुलिसकर्मियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।



महोबा पुलिस

दिनांक- 06.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 998/26

पुलिस लाइन स्थित जीपी स्टोर का पुलिस अधीक्षक महोबा ने किया औचक निरीक्षण, सामग्री के पारदर्शी एवं समयबद्ध वितरण के दिए निर्देश।

- आज दिनांक 06.11.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस लाइन महोबा स्थित क्वार्टर गार्द के सरकारी सम्पत्ति भण्डार (जीपी स्टोर) का औचक निरीक्षण किया गया।
- निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा जीपी स्टोर में उपलब्ध सरकारी सामग्री की गुणवत्ता, उपलब्धता एवं रख-रखाव का जायजा लेते हुए संबंधित अभिलेखों के अद्यतन एवं व्यवस्थित रख-रखाव के निर्देश दिए गए। साथ ही स्टोर में उपलब्ध प्रिंटर कार्टेज, कम्प्यूटर सिस्टम एवं अन्य डिजिटल उपकरणों की स्थिति का अवलोकन किया गया।
- पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि स्टोर में उपलब्ध सामग्री का आवश्यकता के अनुसार जनपद के समस्त थानों को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से वितरण सुनिश्चित किया जाए। पुरानी सामग्री को अनावश्यक रूप से स्टोर में एकत्रित रखे जाने पर आपत्ति व्यक्त करते हुए नियमानुसार उसके वितरण अथवा निष्प्रयोज्य घोषित (कंडम) किए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही थानों को आवश्यक मूलभूत सुविधाएं एवं संसाधन समय से उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया।
- आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जनपद के समस्त थानों को आधुनिक दंगा नियंत्रण उपकरणों से सुसज्जित करने तथा पुराने एवं अनुपयोगी उपकरणों को नियमानुसार कंडम कराए जाने के निर्देश दिए गए।
- पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि पुलिस इकाइयों को आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा उपलब्ध सरकारी सामग्री का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए।
- इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन श्री रविकांत गोंड, प्रतिसार निरीक्षक श्री रविंद्र मलिक सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।





महोबा पुलिस

दिनांक- 06.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 999/26

महोबा पुलिस द्वारा धनतेरस एवं दीपावली पर्व के दृष्टिगत व्यापक सुरक्षा प्रबंध, पुलिस अधीक्षक ने भारी पुलिस बल के साथ किया पैदल गश्त एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में धनतेरस एवं दीपावली पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न कराने तथा जनपद में सुदृढ़ कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से महोबा पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। इसके तहत जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों को विभिन्न सेक्टरों में विभाजित कर सेक्टर प्रभारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है, जिनके कार्यों का पर्यवेक्षण संबंधित थाना प्रभारियों द्वारा किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त भीड़-भाड़ एवं संवेदनशील स्थानों पर पुलिस पिकेट में पुलिस बल की संख्या बढ़ाकर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया गया है।

इसी क्रम में आज दिनांक- 06.11.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा धनतेरस के अवसर पर भारी पुलिस बल के साथ जनपद के प्रमुख बाजारों एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान तहसील चौराहा, कोतवाली नगर, खनगा बाजार, मेन मार्केट, सर्राफा बाजार, डाकघर, रामकथा मार्ग, आल्हा चौक, बस स्टैंड, परमानंद सहित शहर के प्रमुख भीड़-भाड़ एवं मिश्रित आबादी वाले स्थानों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा व्यापारी बंधुओं एवं स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों की जानकारी ली गई, पैदल गश्त के दौरान ड्रोन का भी प्रयोग किया गया तथा उन्हें त्योहारों के दृष्टिगत किए गए पुलिस सुरक्षा प्रबंधों से अवगत कराते हुए सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। साथ ही किसी भी प्रकार की समस्या, संदिग्ध गतिविधि अथवा आपात स्थिति की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई।

इसके साथ ही जनपद के विभिन्न स्थानों पर संचालित पटाखों की दुकानों का संबंधित अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान निर्धारित मानकों के अनुरूप सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने, सीसीटीवी लगवाये जाने, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा उपायों का विशेष ध्यान रखने हेतु संबंधित दुकानदारों को निर्देशित किया गया, जिससे किसी भी अप्रिय घटना की संभावना को रोका जा सके।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकांत गोंड, प्र0नि0 कोतवाली श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह, टीआई श्री सुनील कुमार सिंह, तहसीलदार महोबा सहित अन्य संबंधित पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।





सबसे पहले जनपद महोबा पुलिस की तथा मेरे और मेरी टीम की तरफ से दीपावाली,भाईदूज, गोवर्धन पूजा, छठ पूजा की बहुत बहुत हार्दिक शुभकामनाए

महोबा पुलिस द्वारा इन आगामी त्याहारों को देखते हुए व्यापक पुलिस प्रबंध किये गये हैं हमारे द्वारा समस्त थाना क्षेत्रों को सेक्टरों में बाटा गया है अलग अलग सेक्टर प्रभारियों की ड्यूटी लगाई गयी है तथा इसका पर्यवेक्षण थाना प्रभारियों द्वारा किया जा रहा है कुछ जगह पिकेट में पुलिस बल बढाया गया है जिससे सुरक्षा की भावना पैदा हो सके

आज पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा धनतेरस त्यौहार के दृष्टिगत भारी पुलिस बल के साथ पुलिस टीम द्वारा जनपद महोबा के तहसील चौराहा, कोतवाली नगर, खनगा बाजार, मेन मार्केट, सर्राफा बाजार डाक घर, रामकथामार्ग आल्हाचौक, बस स्टैण्ड, परमानन्द तथा जनपद के महत्वपूर्ण स्थानों पर पैदल गस्त किया गया जहाँ व्यापारी बन्धुओं के साथ संवाद स्थापित किया कर उनसी समस्या सुनी गयी है तथा पुलिस प्रबन्धन के बारे में उन्हे जानकारी दी गयी तथा किसी भी समस्या पर पुलिस को सूचित करने हेतु आग्रह किया गया है। इसी के साथ जनपद में अलग – अलग स्थानो पर लग रही पटाखों की दुकानों का अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर मानक के अनुसार व्यापक सुरक्षा प्रबन्धन हेतु तैयार किया गया है। महोबा पुलिस का प्रयास है कि दीपावली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाय तथा आम जनमानस को कोई समस्या न हो।